# यूपी पुलिस भर्ती 2021 : UPPRPB ने जारी किया 9534 दारोगा भर्ती का नोटिफिकेशन, जानें योग्यता, सैलरी, आवेदन समेत खास बातें

**UP Police SI Recruitment 2021:**
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (UPPRPB या UPPBPB ) ने यूपी पुलिस में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) की 9534 वैकेंसी का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। कुल पदों में 3613 पद अनारक्षित हैं। 902 पद EWS, 2437 पद OBC, 1895 SC, 180 ST वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इन पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2021 से शुरू होगी और 30 अप्रैल 2021 तक आवेदन किया जा सकेगा।

SI के 9534 रिक्त पदों में नागरिक पुलिस में 9027, प्लाटून कमांडर पीएसी (PAC) में 484 और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के 23 पद हैं।

**योग्यता**
नागरिक पुलिस व प्लाटून कमांडर पीएसी (PAC) में SI पद के लिए – किसी भी विषय में ग्रेजुएशन
अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के लिए – साइंससाइड में ग्रेजुएट।
**आयु सीमा** - 21 से 28 वर्ष। यानी अभ्यर्थी का जन्म 1 जुलाई 1993 से पहले व 1 जुलाई 2000 के बाद न हुआ।
उत्तर प्रदेश के SC, ST, OBC वर्ग को आयु सीमा में 5-5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

वेतनमान - 9300- 34800 व ग्रेड पे - 4200 रुपये

**कद-काठी संबंधी योग्यता (PHYSICAL QUALIFICATION)**
**ऊंचाई**
GENERAL, OBC व SC वर्ग के लिए – कम से कम 168 सेमी
ST वर्ग के लिए - 160 सेमी
**सीना**
GENERAL, OBC व SC वर्ग के लिए – बिना फुलाए 79 सेमी और फुलाकर 84 सेमी
ST वर्ग के लिए – बिना फुलाए 77 सेमी और फुलाकर 82 सेमी
ध्यान रहे कि कम से कम 5 सेमी सीने का फुलाव अनिवार्य है।
**महिलाओं के लिए**
**ऊंचाई**
GENERAL, OBC व SC वर्ग के लिए – कम से कम 152 सेमी
ST वर्ग के लिए - 147 सेमी
**वजन**
सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए कम से कम 40 किलोग्राम

**कैसे होगा चयन (SELECTION PROCESS)**

लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा।

**लिखित परीक्षा का पैटर्न**

लिखित परीक्षा 400 अंकों की होगी जिसमें ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे जाएंगे।दो घंटे की इस ऑनलाइन लिखित परीक्षा में चार अलग अलग विषयों का एक-एक प्रश्न पत्र होगा।

सामान्य हिन्दी - 100 अंक

मूलविधि/संविधान/सामान्य ज्ञान- 100 अंक

संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा - 100 अंक

मानसिक अभिरुचि परीक्षा/बुद्धिलब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा - 100 अंक

लिखित परीक्षा में पास अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा केवल क्वालिफाइंग होगी।

**शारीरिक दक्षता परीक्षा**

पुरुषों के लिए - 4.8 किमी की दौड़ 28 मिनट में पूरी करनी होगी।

महिलाओं के लिए - 2.4 किमी की दौड़ 16 मिनट में पूरी करनी होगी।

**फाइनल मेरिट**

ऐसे अभ्यर्थी जो शारीरिक दक्षता परीक्षा क्वालिफाई कर लेंगे, उन्हें लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर मेडिकल के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर ही फाइनल मेरिट लिस्ट बनेगी।

**आवेदन फीस**

GENERAL व OBC - 400 रुपये

SC, ST - 400 रुपये

इच्छुक उम्मीदवार uppbpb.gov.in पर जाकर एप्लाई कर सकेंगे।